डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, वैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया

आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा- 2083

भोपाल,दिन



न्यूज गैलरी

कारोबारी के खाते से 86,400 रुपए निकाले

भोपाल। कोतवाली थाना क्षेत्र में सरकार कारोबारी भगवान सिंह जाट के बैंक खाते से साढ़े 86 हजार रुपए निकाले जाने का मामला सामने आया है। 16 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर बैंक खाते से लेनदेन के संदेश आए। जांच में पता चला कि अज्ञात ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 86,400 रुपए निकाले गए हैं। इनमें से 40,500 रुपए वापस खाते में आ गए। कारोबारी ने बैंक चूनाभट्टा स्टेटमेंट निकलवाया, जिसके बाद उन्हें की जानकारी सामने आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सचिन यादव बने यूपी कांग्रेस वॉर रूम के चेयरपर्सन

भोपाल। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और विधायक सचिन यादव को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए पार्टी के वॉर रूम का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नियुक्ति की जानकारी दी। वह जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कांग्रेस ने राज्य प्रदेश के अलावा पंजाब, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों के लिए भी वॉर रूम गठित किए हैं।

सड़क पर बेसुध मिली बुजुर्ग महिला की मौत

भोपाल। नांदी नगर थाना क्षेत्र के भानपुर में अमरावत रोड पर 65 वर्षीय अज्ञात मोगल महिला परिस्थितियों में बेसुध मिली। शुक्रवार सुबह घर से निकली थी। करीब 11:00 बजे उनकी बहू ने उन्हें सड़क पर पड़ा देखा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला के सिर के पिछले हिस्से में चोट मिली है। पुलिस को आशंका है कि गिरने से चोट लगी होगी। मामले की जांच जारी है।

चेक बाउंस मामले में बिल्डर को एक साल की सजा

भोपाल। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजलि सिंह की अदालत ने चेक बाउंस मामले में लक्ष्य रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मनीष मोटवानी को एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 26 लाख 42 हजार रुपए प्रतिकर देने का आदेश भी दिया। परिवादी अजय कुमार जैन ने वर्ष 2014 में फ्लैट के लिए 10.27 लाख रुपए चुकाए थे। निर्माण नहीं होने पर पैसा वापस मांगा, लेकिन नहीं लौटाने पर चेक बाउंस हो गया।

रील बनाने के विवाद में किशोरी और परिजनों पर हमला

भोपाल। छोला मंदिर थाना क्षेत्र के भानपुर में सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर विवाद से गया। पुलिस के अनुसार, 17 वर्षीय लक्ष्मण अली ने एक रील बनाई थी, जिसके दूसरे पक्ष को बनानी होने का आरोप था। इसी बात पर दोनों पक्षों में पहले मोबाइल पर विवाद हुआ। गुस्साए पक्ष लक्ष्मण अली के घर और भाभी के साथ रिक्शेवार के घर पहुंचे। वहां मारपीट बढ़ने पर रेहान, हामिद और वेनाजीर पर रॉड व डंडों से हमला करने का आरोप है।

सोहरत मीडिया पर दोस्ती के बाद छात्र से 2 .50 लाख वसूले

भोपाल। कोतवाली इलाके में 19वीं की 16 वर्षीय छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर ब्लैकमेल और मदद के नाम पर 2.50 लाख रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कमरान, अरहान, शिव और रवान के खिलाफ ब्लैकमेल, छल-धमकाकर लूटने और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। एसीपी अनुराधा शर्मा के अनुसार, आरोपियों ने पीड़िता को पहले दोस्ती के जाल में फंसाया और फिर उसके निजी फोटो-वीडियो के सहारे उसे डराकर रकम ऐंठी।

आजादी के बाद पहली बार सीधी रेल नेटवर्क से जुड़ा, चुरहट तक पहुंची ट्रेन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सतना-देवेंद्र नगर व रीवा-चुरहट रेल लाइन का किया वर्चुअल उद्घाटन





डीआर संवाददाता»कोलकाता।

मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराया गया। आजादी के बाद पहली बार सीधी जिले को रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली देवेंद्र-चुरहट रेल लाइन का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से सतना-देवेंद्र नगर और देवेंद्र-चुरहट रेल लाइन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवेंद्र नगर-चुरहट ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के लिए सतनी और चुरहट रेलवे स्टेशनों पर विशेष आयोजन किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पार जिले के सांसदगण से पर्यटन आर्यवेश्य ने शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रेल संपर्क बढ़ने से सीमेंट क्षेत्र के रोजगार को गति मिलेगी। इससे किसानों को अपनी उपज को बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा होगी, व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार होगा और गांव परिवहन की व्यवस्था बेहतर होगी। विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और आम यात्रियों को भी आवागमन के लिए बेहतर विकल्प मिलेंगे।

विंध्य और बुंदेलखंड को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस रेल मार्ग को विंध्य और बुंदेलखंड के लिए नई संभावनाओं का द्वार बताया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाले इन क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। सतना, देवेंद्र नगर, रीवा और चुरहट सहित अन्य स्टेशनों के बेहतर विकास की दिशा में भी कार्य किए जाने की बात कही गई।

किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को लाभ

रेल मार्ग के संचालन होने से क्षेत्र के किसानों को कृषि उपज पूरे शहरों के बाजारों तक पहुंचाने के अधिक विकल्प मिलेंगे। व्यापारियों के लिए माल परिवहन की सुविधा बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल सकेगा। इससे आसपास विद्यार्थियों और गरीबों सहित अन्य यात्रियों को सड़क परिवहन पर निर्भरता कम करने का विकल्प मिलेगा। मुख्यमंत्री ने रेल परियोजनाओं की समीक्षा के लिए प्रबन्धमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने ऑक्सीजन एक्सप्रेसवे और खंडवा के बीच नई रेल लाइन पर लोकार्पण की जल्द तिथि तय करने की घोषणा की।

प्रदेश में रेलवे परियोजनाओं का विस्तार

कार्यक्रम में बताया गया कि मध्य प्रदेश में करीब 150 लाख करोड़ रुपए की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनके माध्यम से प्रदेश में रेल नेटवर्क का विस्तार करने और लंबी तथा छोटी दूरी की रेल सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

सीधी तक रेल सेवाओं पहुंचने से क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही कनेक्टिविटी संबंधी समस्या का पूरा समाधान की दिशा में आगे बढ़ा है। आने वाले समय में बेहतर रेल सेवाओं के माध्यम से शिक्षा और व्यापारियों को होने वाला वास्तविक लाभ परिलक्षित दिखाई देगी और निर्धारित रोपवे पर निर्भर करेगा।

मोबाइल लोकेशन के आधार पर मुंबई और इंदौर क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

टाइगर ऑफ फायरिंग केस में इंदौर से आरोपी गिरफ्तार,



डीआर संवाददाता»इंदौर

धोनीयुद्ध अनिमेश टाइगर ऑफ की जान पर फायरिंग के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच और इंदौर क्राइम ब्रांच ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (32) को गिरफ्तार किया है। उस पर फायरिंग की साजिश में शामिल होने और हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है। पुलिस अब तक इस मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

जानकारी के अनुसार, प्रोजेक्ट करीब पांच दिन पहले अपने भाई का इलाज कराने इंदौर आया था। मुंबई क्राइम ब्रांच को मिले इनपुट के बाद स्थानीय पुलिस की मदद से उसकी तलाश की गई।

जांच के दौरान उसकी मोबाइल लोकेशन इंदौर में मिलने पर मुंबई पुलिस का दल यहां पहुंचा। वरिष्ठ अधिकारी मुंबई और इंदौर क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर उसे हिरासत में ले लिया।

इंदौर क्राइम ब्रांच के एडीसीपी सचिन दीक्षितिया के मुताबिक, मुंबई में हुई फायरिंग की घटना में शेरसिंग भाटिया को लेकर मुंबई पुलिस ने इंदौर पुलिस से संपर्क किया था। अब मुंबई क्राइम ब्रांच प्रोजेक्ट से पूछताछ कर फायरिंग की साजिश, हथियारों की सप्लाई और अन्य आरोपियों से उसके संबंधों की जांच करेगी।

फायरिंग के बाद अनिल पंडित ने स्टेशन मीडिया पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध होने का दावा करते हुए वारदात की जिम्मेदारी ली थी। हालांकि, प्रोजेक्ट के इस गैंग से जुड़े होने की पुष्टि नहीं हुई है। क्राइम एजेंसियां उसकी भूमिका और अन्य आरोपियों को भी गहराई से खंगाल रही हैं।

भानपुर ब्रिज पर गैस पाइपलाइन में लगी आग, स्कूल से बच्चों को निकाला

वाल्वे में आग लगने से वेबल और पाइपलाइन वेपेल में आई, सुरक्षा के लिए 25 कॉलोनियों की गैस सप्लाई बंद

डीआर संवाददाता»भोपाल।

भानपुर ब्रिज पर शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गैस पाइपलाइन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही आसपास के इलाकों में गैस सप्लाई बंद कर दी गई। घटनास्थल के पास स्थित लू ग्रीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल में 12 वीं तक की पढ़ाई होती है। स्कूल में करीब 400 बच्चे पढ़ते हैं। आग की सूचना मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान कुछ बच्चों को हल्की चोटें आईं। घायलों को तत्काल इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल सभी बच्चों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही गैस कंपनी की टीम ने रिसाव बंद कर आग पर काबू पाया। एहतियात के तौर पर आसपास की करीब 25 कॉलोनियों में गैस सप्लाई बंद कर दी गई।

घटनास्थल के पास स्थित लू ग्रीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल में 12 वीं तक की पढ़ाई होती है। स्कूल में करीब 400 बच्चे पढ़ते हैं। आग की सूचना मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान कुछ बच्चों को हल्की चोटें आईं। घायलों को तत्काल इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल सभी बच्चों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

भोपाल में 48 घंटे में 6 डिग्री गिरा रात का तापमान, अगले सप्ताह बढ़ेगी ठंड

डीआर संवाददाता»भोपाल।

अक्टूबर के आखिरी सप्ताह की शुरुआत में राजधानी में रात की ठंक बढ़ने लगी है। पिछले 48 घंटे में न्यूनतम तापमान करीब 6 डिग्री सेल्सियस 15.6 डिग्री पर पहुंच गया। बीते 24 घंटे में ही इसमें 2.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। भोपाल की रात क्लाइमेट के ही ठंडी रही, जहां न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज हुआ। प्रदेश में रबड़ का न्यूनतम तापमान



इंदौर में 13.4 डिग्री रहा।

दिन में तापमान अपेक्षाकृत अधिक बना हुआ है, लेकिन सुबह और देर रात ठंड का असर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो-तीन दिनों में बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मौसम प्रणाली के कारण भोपाल में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।

26 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान बनने के आसार

मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र सिंह यादव के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य हिस्से में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। इसके प्रभाव से 25 अक्टूबर तक मध्य भारत में बादल छाए रहेंगे और 26 अक्टूबर को कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके 28 अक्टूबर के आसपास अति प्रदेश के उत्तर के जिलों पहुंचने की संभावना है।

बादल छंटने के बाद फिर गिरेगा पारा

यह सिलसिला पहले पश्चिमोत्तर से नहीं शुरुआत, तेजिन्हा तक ही दिखा और उसके बाद बादलों से राजधानी के मौसम पर असर पड़ सकता है।

भाजपा नेत्री की शिकायत पर विधायक के खिलाफ केस, एफआईआर की मांग पर धरना



सीसीकेरबाई के नर्मदेश्वर में पुलीए करेंगे काम, धार्मिक पद्धति से चूना, गुड़ और लाख का होगा उपयोग

डीआर संवाददाता»उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर और परिसर में स्थित प्राचीन मंदिरों के संरक्षण के लिए जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना पर 10.27 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मंदिर की मूल संरचना और प्राचीन स्वरूप को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से मरम्मत में सीमेंट और रासायनिक निर्माण पद्धति अपनाने के बजाय पारंपरिक तकनीकों का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर पारंपरिक निर्माण पद्धति अपनाते हुए चूना, गुड़ और लाख के मिश्रण का इस्तेमाल किया जाएगा।

महाशिवरात्रि से पहले काम पूरा करने का लक्ष्य

स्थानीय मंदिर और समिति के अनुसार, जीर्णोद्धार कार्य को आगामी महाशिवरात्रि से पहले पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। काम की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों पर सख्त नजर रखने के लिए भोपाल की एक विशेषज्ञ टीम हर महीने दो बार उज्जैन आएगी। टीम निर्माण कार्य की निगरानी करेगी। मंदिर के सभागी और सलाहकार के अनुसार मंदिर की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखते हुए कार्य किया जाएगा।

रेरा के वसली आदेशों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई, कोर्ट में विवादित संपत्तियों के कारण नहीं हो सकी नीलामी

डीआर संवाददाता»भोपाल।

रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के आदेशों का पालन नहीं करने और रुपीवर्ड की राशि नहीं लौटाने के मामले में जिला प्रशासन ने आरुषी पुष



के निदेशक राजीव सोनी के खिलाफ रेरा के वसूली आदेश जारी किए गए थे। इन आदेशों के तहत करीब 9 करोड़ रुपए जमा कराए जाने थे। प्रशासन की ओर से बार-बार नोटिस देने और राशि जमा कराने का अवसर देने के बावजूद आदेशों का पालन नहीं किया गया।

इसके बाद बिल्डर की संपत्तियां कुर्क की गईं, लेकिन कई संपत्तियां न्यायालय में विवादित होने के कारण उनकी नीलामी नहीं हो सकी। बिल्डर के खिलाफ 4 मई 2026 से गिरफ्तारी वारंट जारी था। शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

रेरा का खाता नहीं मिलने पर क्या करें?

घर खरीदने वालों को मुकिम बोर्ड, अनुमोद, राशि की रसीदें, बैंक स्टेटमेंट और बिल्डर के साथ हुई बातचीत के रिकॉर्ड सुरक्षित रखने चाहिए। बिल्डर से ईमेल या रजिस्टर्ड डाक से दिखाए जाने चाहिए। समझाने नहीं मिलने पर रेरा में खाता आ के लाल शिकायत की जा सकती है। आदेश के बाद भी राशि नहीं मिलने पर वाद 90 के तहत वसूली के लिए आवेदन किया जा सकता है।

आरोप स्वराब भोजन और अन्यवस्थाओं से नाराज 100 से ज्यादा छात्र-छात्राएं कलेक्ट्रेट से मिलने निकले पैदल

पेटलावद के एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने लगाए आरोप, 15 किलोमीटर चलने के बाद अधिकारियों की समझाइश पर खत्म किया मार्च



डीआर संवाददाता»झाबुआ

पेटलावद के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में भोजन और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर नाराज 100 से अधिक छात्र-छात्राएं कलेक्ट्रेट से मिलने के लिए पैदल निकल पड़े। विद्यार्थियों का आरोप है कि हॉस्टल में उन्हें खराब भोजन दिया जाता है। उन्हें कच्ची और बासी रोटियां के साथ अक्सर सब्जियां परोसी जाती हैं। सर्दियों में पीने के लिए गर्म पानी की सिकायत भी विद्यार्थियों ने की है। इसके अलावा हॉस्टल में नियमित सफाई नहीं होने और अन्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी उठाया गया।

विद्यार्थियों ने सुबह करीब 8 बजे विद्यालय से पैदल मार्च शुरू किया। कलेक्ट्रेट की दूरी लगभग 40 किलोमीटर बताई गई। छात्र-छात्राएं करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर कल्याणपुरा पहुंच गए। वे कलेक्टर डॉ. योगेश भारद्वाज से मिलकर अपनी समस्याएं बताना और लिखित आश्वासन लेना चाहते थे।

अप्रैल से सामान नहीं मिलने का आरोप

पैदल मार्च में शामिल छात्र-शिक्षक संघर्ष ने आरोप लगाया कि अप्रैल से 6-7 तक उन्हें सही खाना नहीं मिला है। हॉस्टल की व्यवस्था को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। विद्यार्थियों का कहना है कि सिर्फ तीन दिनों से भोजन देखें से बहतर बना है। हॉस्टल में लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं को लेकर छात्रों में लंबे समय से नाराजगी थी।

समझाइश के बाद समाप्त किया पैदल मार्च

मार्च जो जोगल एक सड़क जो पकड़ने आने के बाद अलसाल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी बताया गया। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे। एसडीएम रितिका पाटीदार, कल्याणपुरा में प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान, एडीएम सीएल सोलंकी सहित अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समझाया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने पैदल मार्च समाप्त कर दिया। प्रशासन ने विद्यार्थियों को बस से वापस हॉस्टल भिजवाया। विद्यार्थियों की शिकायतों के बाद अब भोजन, साफ-सफाई और आवासीय सुविधाओं की स्थिति पर प्रशासन का ध्यान केंद्रित हुआ है। शिकायतों के निराकरण और व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी।

जिंदा लोगों को कागजों में मृत बताकर एफडी से निकाले डेढ़ करोड़

डीआर संवाददाता»भैरूल

जिले में बैंकिंग धोखाधड़ी के बड़े मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपियों ने जिंदा लोगों को दस्तावेजों में मृत दर्शाकर उनकी सावधि जमा (एफडी) से करीब डेढ़ करोड़ रुपए निकाल लिए। मामले में पुलिस ने मोरखा निवासी बैंक ऑफ महाराष्ट्र के असिस्टेंट मैनेजर लोकेश गोयले समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड 15 साल का एक नाबालिग है जिसने मामले में सामने आया कि नाबालिग बैंक में नकदी रकम जमा करने वाले लोगों पर नजर रखता था। इसके बाद उसने बैंक के असिस्टेंट मैनेजर को भी अपने साथ मिला लिया। आरोपियों ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए खाताधारकों को मृत दिखाया और उनकी एफडी की रकम निकाल ली। पुलिस ने आरोपियों के पास से छह मोबाइल फोन, 626 लाख रुपए बरामद 1.40 लाख रुपए की चांदी और 12 लाख रुपए कीमत की एक कार जब्त की है। जांच समिति की कुल कीमत 2233 लाख रुपए बताई गई है।फिलहाल पुलिस आरोपियों से जुड़े अन्य बैंक खातों और संपत्तियों की जांच कर रही है।

डिजिटल अखबार

डीआर सीहोर

02

आष्टा, इछावर, शैलंद्रा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, डोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा- 2083 सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 25 अक्टूबर, 2026

मौसम सीहोर-श्यामपुर मार्ग की बदहाली और बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, 10 दिन में समाधान नहीं तो चांदबड़ में चक्काजाम

सड़क की मरम्मत और बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग, ग्रामीणों-किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर-श्यामपुर मार्ग की जर्जर हालत और अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों एवं किसानों ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है। क्षेत्रवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी सीहोर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि में समाधान नहीं हुआ तो चांदबड़ में चक्काजाम किया जाएगा।

ज्ञापन में कहा गया है कि सीहोर-श्यामपुर मार्ग लंबे समय से खस्ताहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग की बदहाली से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले ग्रामीणों, किसानों और अन्य यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित अधिकारियों से सड़क की मरम्मत कर नाने की मांग की है।



बिजली कटौती के विरोध में 26 अक्टूबर का घेराव-चक्काजाम स्थगित

पैरंबा। क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती और खराब ट्रांसफार्मरों की समस्या को लेकर कांग्रेस ने 26 अक्टूबर को प्रस्तावित बिजली विभाग के किसी ईई कार्यालय के घेराव और चक्काजाम को स्थगित कर दिया है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया।

कांग्रेस जनपदों ने किसानों और आम उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने तथा खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने की मांग उठाई थी। अधिकारियों के अनुसार, मांगों पर एक दशक पहले ही आपूर्ति में सुधारनी की गई है। इसे और कम करने के लिए 26 अक्टूबर को कैलाश में बैठक भी आयोजित की गई थी, लेकिन संबंधित अधिकारियों की व्यस्तता के कारण बैठक नहीं हो सकी।

इसी दिन और रात में बिजली मिलने तथा किसानों और उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

बिजली कटौती से सिंचाई प्रभावित होने की चिंता

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि रबी सीजन में किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए नियमित बिजली आपूर्ति की आवश्यकता है, लेकिन अघोषित कटौती के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रात में बिजली नहीं मिलने से सिंचाई की व्यवस्था बनाए रखने में दिक्कतें आ रही हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, रात के समय बिजली बंद रहने से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित होती है। किसानों का कहना है कि खेतों के नजदीकी समय में बिजली आपूर्ति बाधित होने से उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से बिजली कटौती की समयबद्ध सूची जारी करने और निर्धारित समय के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

आए दिन हो रहे गड्ढों में वाहन गिरब से हादसे

श्यामपुर तहसील मुख्यालय जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क विगत कई वर्षों से जर्जर हालत में है। सड़क को लेकर ग्रामीणों ने कई बार जिलाधिकारी के समक्ष आंदोलन किए लेकिन ग्रामीणों की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया। इस मार्ग से गुजरने वाले कांल्ल्राल्ल्ल्ल इन गड्ढों से **गिरब से दुर्घटना** होकरता रहे हैं। कई दुपहिया की हादसों में चोटें भी हो चुकी हैं वहीं रोजमर्रा होने वाले मामूल रूप से घायल हुए हैं। उपजिला सहकर की परेशान को लेकर एक जिर अनोखा की घोषणा भी हैं।

तीव्र सूत्रीय मांगों को लेकर कोटवार हड़ताल पर

सीहोर में 31 अक्टूबर तक हड़ताल पर रहेंगे कोटवार, वर्दी भत्ते की राशि खाते में देने की मांग



डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में कोटवारों ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। कोटवारों ने वर्दी और अनुषांगिक वर्दी पहनकर काम करने से इनकार कर दिया है। मध्य प्रदेश आदिवासी कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेशव्यापी हड़ताल में सीहोर जिले के लगभग चौबीसवार भी शामिल हैं। कोटवार 31 अक्टूबर तक हड़ताल पर रहेंगे। हालांकि वे ग्रामवासियों की जरूरत में सेवाएं देंगे। सरकारी कर्मचारी घोषित करना और वर्दी के लिए निर्धारित राशि सीधे बैंक खातों में जमा करना शामिल है। उनका कहना है कि वर्तमान में पारंपरिक कपड़ों में ड्यूटी करने से उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्व कार्य प्रभावित, किसानों को बड़ी परेशानी

कोटवारों की हड़ताल का असर राजस्व विभाग के कामकाज पर पड़ रहा है। सीमांकन, बंटवारा और कब्जा दिलाने जैसी बैठकी प्रक्रियाओं में परेशानी आ रही है। इससे तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों के कार्यों की प्रभावित हो रही है। किसान संबंधी कामों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगा रहे किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

शाम को जिला अध्यक्ष लालजीराम कास्देया ने सभा कि पूर्व तुलसाकी विधानसभा सिंह सीहोर के कार्यालय में कोटवारों की उनकी वर्दी दी नहीं थी, लेकिन उन्होंने में उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संघ ने 28 अक्टूबर को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की बात कही है।

न्यूज गैलरी

एकलव्य शिक्षा छात्रवृत्ति से 2,216 विद्यार्थियों को मिला लाभ

सीहोर। जनजाति कल्याण परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित एकलव्य शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2025-26 में जिले के 2,216 विद्यार्थियों को लाभ मिला। इनमें 1,180 छात्र और 1,036 छात्राएं शामिल हैं। योजना में कुल 272.16 लाख रुपए वितरित किए गए। वर्ष 2026-27 में छात्रवृत्ति का लक्ष्य बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए करने की योजना है, ताकि अधिक विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता मिल सके।

शरद पूर्णिमा पर मनाई जाएगी आचार्य विद्यासागर की जन्म जयंती

सीहोर। राष्ट्रीय संत आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी जन्म जयंती 26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर मनाई जाएगी। इसके उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर को छावनी स्थित 1008 चंद्रप्रभाजी दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक आयोजन होंगे। सुबह 8 बजे अभिषेक, शांतिधारा, पूजा-विधान और विश्व शांति महायज्ञ होगा। दोपहर में गौशाला में रोग और पुनर्वास में फल वितरण किया जाएगा। शाम 7.30 बजे आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

स्वामित्व योजना की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

सीहोर। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 के कार्यों में तेजी लाने के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 138 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। अपर कलेक्टर सुरेश कुमार सक्सेना के आदेश के तहत तहसीलदार सत्यनारायण मालवीय को प्रभारी नियुक्त किया गया है। पटवारी सुभकरण शर्मा और तकनीकी सहायक संजय पोहाने भी जिम्मेदारी संभालेंगे। कंट्रोल रूम से योजना की प्रगति की निगरानी, समीक्षा और अधिकारियों के बीच समन्वय किया जाएगा।

भोपाल-इंदौर मार्ग पर ट्रक ने कार को मारी टक्कर, गड्ढे में पलट एक घायल

डीआर संवाददाता»सीहोर।

भोपाल इंदौर मुख्य मार्ग पर शनिवार दोपहर जुरेरपुर ढाबा के पास सनसनी हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर सामने चल रही कार को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रक सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ, जबकि कार और ट्रक को नुकसान पहुंचा है।

घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। कुछ समय के लिए मार्ग पर जाम-सरकी की स्थिति बनी रही और यातायात भी प्रभावित हुआ।



गड्ढे में पलटने से टला बड़ा हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रक चालक किनारे गड्ढे में पलट गया। उनका कहना है कि यदि ट्रक चालक पर पलटता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना की सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई। मामले की विधिवैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं चौकी प्रभारी मनोज राठौर ने घायल व्यक्ति के परिजनों को घटना की जानकारी दी है।

युवा सृजन संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कानून, साइबर सुरक्षा एवं जिम्मेदार नागरिकता के प्रति किया जागरूक

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्य प्रदेश शासन के पुलिस विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर अंतर्गत एकीकृत, नवनीकरण आवासीय शासकीय महाविद्यालय, सीहोर में युवा सृजन संवाद कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में आंतरिक पुलिस अधीक्षक प्रकाश चौबे ने पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा पुलिस और आम नागरिकों के बीच समन्वय के महत्व पर अपना विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस से संवाद करने और आवश्यकता पड़ने पर सहायता लेने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक एवं परिवहन) राजेश सेन ने यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं हिंसा नियंत्रण विषय पर जानकारी दी। रेडियो शाखा के नियंत्रक कैलाश सिंह परिहार ने आपातकालीन प्रबंधन एवं डायल-112 पुलिस की भूमिका, रक्षित केंद्र की सुरेखता प्रभारी राजपूत ने मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण एवं आत्महत्या रोकथाम तथा साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल नागरिकता तथा साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, साइबर नियमों के पालन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में उचित कदम उठाने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने, अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को समझने तथा सामाजिक जागरूकता एवं नागरिक अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

स्वामित्व योजना में सीहोर प्रदेश में 17वें स्थान पर, अब तक 3,534 रजिस्ट्रियां

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्य प्रदेश की स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में सीहोर जिला निरंतरता नजर आ रहा है। प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के गृह जिले ने अब तक कैथल 3,534 रजिस्ट्रियां दर्ज हुई हैं। इसके चलते जिला प्रदेश के 55 जिलों में 17वें स्थान पर है। शुरुआत में पटवारियों के अशिक्षण के कारण काम प्रभावित हुआ था। बाद में मार्च सीरियल होने के बावजूद रजिस्ट्रियों की रफ्तार में कमी नहीं आई।



प्रशासनिक एसडीएम एपलवा करतना हैं। योजना के तहत ड्रोन सर्वे और डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में अब तक 1 लाख 80 हजार 230 रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। छिंदवाड़ा 8,530 रजिस्ट्रियों के साथ पहले, रीवा 7,563 के साथ दूसरे, सागर 7,289 के साथ तीसरे और राजगढ़ 6,235 के साथ चौथे स्थान पर है।

सीहोर जिले में बुदनी, सीहोर, आष्टा और इछावर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। डिजिटल सुरक्षेशकों के बावजूद काम की धीमी गति से ग्रामीणों को अपनी जमीन और मकान के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज मिलने में देरी हो रही है। इन दस्तावेजों से एजेंसियों को बैंक ऋण जैसी वित्तीय सुविधाएं प्राप्त करने में भी मदद मिलती है। ऐसे में जिले में योजना के काम में तेजी लाना प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती है।

स्वामित्व योजना के लिए 25 से 31 अक्टूबर तक लगेंगे शिविर

सीहोर। स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को संपत्ति संबंधी दस्तावेजों के पंजीयन की सुविधा देने के लिए जिले की तहसील स्तर पंजायत में 25 से 31 अक्टूबर तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। तहसीलदारों को पंचायतवार कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिविरों में पटवारी, पंचायत सचिव और राजस्व सहायक उपस्थिता रहेंगे। ग्रामीणों को आवश्यक कागजों के लिए इधर-उधर और भुगतानी कराई जाएगी। प्रशासन ने सप्ताह के अंत तक 60 से 70 प्रतिशत कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

इछावर में ट्रैक्टर-टॉली पलटने से चालक की मौत, पहचान नहीं

डीआर संवाददाता»इछावर

जिले के इछावर थाना क्षेत्र में शनिवार रात करीब 8 बजे बोरदो-रसूलिया मागर हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवको की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार से जा रही थी। इसी दौरान लसुडिया कांवर के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक वाहन के नीचे दब गया।

राहगीरों ने बचाने का किया प्रयास

हादसे के बाद मौके से गुजर रहे राहगीर स्थल के लिए पहुंचे। उन्होंने चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलने पर इछावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से चालक के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

साक्षरता परीक्षा मध्यप्रदेश में 13 लाख से अधिक नवसाक्षरों ने दी मूल्यांकन परीक्षा, सफल प्रतिभागियों को मिलेगा प्रमाणपत्र

सीहोर में 40 हजार नवसाक्षरों ने दी परीक्षा: 1501 केंद्रों पर हुई परीक्षा, सफल होने पर प्रमाण-पत्र मिलेगा

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जनवरी सरकार के निर्देशानुसार सीहोर जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञानता परीक्षा पर आयोजन शनिवार को किया गया। जिले के 1501 परीक्षा केंद्रों पर 40,043 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों को सुबह 10 से शाम 5 बजे के बीच परीक्षा देने की सुविधा दी गई। कुल 6,741, मैरुंदा में 303 केंद्रों पर 5,166 और सीहोर विकासखंड में 405 केंद्रों पर 11,942 नवसाक्षर



नवसाक्षरों ने परीक्षा दी।

शनिवार को शासकीय माध्यमिक शाला बगुलिया दोराहा में नव साक्षर परीक्षा का आयोजन किया गया। कुल परीक्षार्थी 130में से 102 उपस्थित हुए इन इन केंद्रों पर परीक्षा हुई, बगुलिया दोराहा, खजया, श्यामपुर, छतरिया बनला, बाचनरिया, नहुआखेड़ा, झरखेड़ा, दोराहा, खाईखेड़ा, अहमदपुर, डारगल, चांदबड़ जागीर, सहित सभी संकुल केंद्रों के अंतर्गत स्थापित परीक्षा आयोजित की गई।

जैसे समय मिला परीक्षा देने पहुंचे

शनिवार को नव साक्षरता परीक्षा सुबह 11बजे से शुरू हाई परीक्षा देने पहुंचे साक्षरता परीक्षार्थी जैसे समय मिला वैसे ही परीक्षा देने पहुंचे।

परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले नवसाक्षरों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को लंबे समय तक साक्षर रखने, सामाजिक सरोकार, वरिष्ठ नागरिक, एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट गाइड और नेहरू युवा केंद्र का सहयोग लिया गया।

यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु के अशिक्षित व्यक्तियों को साक्षर बनाने के लिए राज्य का रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत साक्षरता दर बढ़ाने के लिए वर्ष में दो बार यह परीक्षा आयोजित की जाती है। कार्यक्रम 2022 से 2027 तक पूरे देश में चलेगा। अब तक इस कार्यक्रम के तहत 8 मूल्यांकन परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

स्वामित्व योजना के पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश

योजना का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए।

डीआर संवाददाता»सीहोर।

कलेक्टर शिवनारायण चौहान ने जिले में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए।

राजस्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में पंजीयन कार्य को प्राथमिकता से किया जा रहा है। अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। प्रतिदिन पंजीयन कार्य की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम और तहसीलदारों को पंचायतों में आयोजित विशेष शिविरों की प्रतिदिन निगरानी कर पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, डोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा- 2083 सीहोर, दिन रविवार ,दिनांक 25 अक्टूबर 2026



न्यूज गैलरी

मंडी में 24,174 क्विंटल उपज की आवक

आष्टा। कृषि उपज मंडी में सुरुवार को कुल 24,174 क्विंटल उपज की आवक हुई। सोयाबीन पीला 2,000 से 5,000 रुपए, चना सफेद 8,000 से 8,801 रुपए और चना मौसमी 5,740 से 7,400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। वहीं चना-सफेदी मंडी में चाना और तलसुन की कुल आवक 80 क्विंटल रही। मंडी में उपज के भाव (रुपए प्रति क्विंटल) इस प्रकार रहे: गेहूं सुजला 3,780 से 6,088, गेहूं लोकमन 2,880 से 3,242, गेहूं पूर्वा 2,807 से 3,355, गेहूं मालवसंग 2,740 से 2,958, गेहूं मिल 2,500 से 2,920, चना काटा 6,600 से 7,050, चना काबुल 8,108 से 4,200, मसूर 4,701 से 6,651, राई 7,101 से 8,200, मक्का 1,802 से 2,484, उड़द 6,800 से 8,800 और मूंग 5,120 से 7,730 रुपए रहा। कल-सब्जी मंडी में प्याज 520 से 4,210 रुपए और लहसुन 1,500 से 16,410 रुपए प्रति क्विंटल बिका।

गायत्री शक्तिपीठ पर 25 को श्वास-दमा की निशुल्क महाऔषधि वितरण

आष्टा। अखिल विश्व गायत्री परिवार आष्टा द्वारा पीठेश्वर गायत्री की संध्या के शुभ अवसर पर 25 वर्षों से श्वास व दमा की निःशुल्क महाऔषधि का वितरण किया जा रहा है। यह औषधि वर्ष में केवल एक बार शरद पूर्णिमा की रात्रि में दी जाती है। शरद पूर्णिम की रात्रि में चंद्रमा की 24 कलाओं और दिव्य किरणों के प्रभाव में विशेष लहरें में तैयार जड़ी-बूटियों को बनी यह औषधि रोगियों को निःशुल्क दी जाएगी। गायत्री शक्तिपीठ के अनुसार, शिविर का आयोजन 25 अक्टूबर, रविवार को रात 9 बजे से गायत्री शक्तिपीठ आष्टा में किया जाएगा। आयोजकों ने श्वास व दमा के रोगियों से समय पर पहुंचकर लाभकारी जी अपील की है।

भंठेली में उल्लास साक्षरता परीक्षा, 30 परीक्षार्थी शामिल

बिलकिसगंज। ग्राम पंचायत भंठेली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को उल्लास साक्षरता मिशन के तहत परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 18 महिलाओं और 12 पुरुषों सहित कुल 30 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। सरपंच सीमा महेश वर्मा ने सभीनों को साक्षरता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से जागरूकता बढ़ती है और लोग अपने अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी बेहतर तरीके से प्राप्त कर सकते हैं।

महिलाओं और बच्चों को शिक्षा व रोजगार के प्रति किया जागरूक

बिलकिसगंज। ग्राम पंचायत भंठेली में वर्ष शरदा पेजवेयर सोसाइटी के तत्वावधान में सचपतसेवी मालती त्रिवेदी ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव, सुरक्षित बैंकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने तथा महिलाओं और बच्चों की शिक्षा, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुश्री अंशिका सरपंच सीमा महेश वर्मा सहित ग्राम गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

रेहटी। मेहता परिवार की वधू ज्योति मेहता के निधन पर विधायक रमाकांत भार्गव सहित भाजपा नेताओं ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्रवाई सीवन नदी से सिंचाई कर रहे पांच किसानों की मोटरें जब्त

कम बारिश से जलस्रोतों में घटा पानी, गर्मी में पेयजल संकट की आशंका के चलते नगरपालिका ने शुरू की सख्ती

डीआर संवाददाता» आष्टा।



जिले में इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने के कारण शहर को प्रमुख जलस्रोतों में पानी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। आगामी गर्मी में पेयजल संकट की आशंका को देखते हुए नगरपालिका परिषद ने अभी से जलस्रोतों के संरक्षण के लिए सख्त उदाने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में रविवार को मां-मंदिर क्षेत्र के समीप सीवन नदी से दो मोटर पंप जब्त कर लिए गए। नगरपालिका अधिकारियों के अनुसार, शहर की पेयजल व्यवस्था मुख्य रूप से नगरबासुरा जलाशय, जगोनिया तालाब और सीवन नदी जैसे जलस्रोतों पर निर्भर है। कम बारिश के कारण इन जलस्रोतों में अपेक्षा पानी जमा नहीं हो पाया है। ऐसे में उपलब्ध पानी का उपयोग सावधानी से करना जरूरी हो गया है। यदि नदी और तालाबों से लगातार सिंचाई के लिए पानी निकाला जाता रहा, तो नदी के दिनों में शहर की जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है।

शिकायत के बाद मौके पर पहुंचा नगरपालिका अमला

सीवन नदी के आसपास खेती करने वाले कुछ किसानों द्वारा मोटर पंप लगाकर सिंचाई के लिए पानी निकालने की शिकायत मिलने के बाद नगरपालिका ने कार्रवाई की। सीएनओ सुधीर सुनार श्रीवास्तव के निर्देशन में सहायक यंत्री दिनेश कोरी के नेतृत्व में अमला में मौके पर पहुंचा और पांच मोटर पंप जब्त कर लिए। सीएनओ सुधीर सुनार श्रीवास्तव ने बताया कि शहरवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना नगरपालिका की प्राथमिकता है। इसके लिए जरूरी है कि पेयजल स्रोतों से अपेक्षा पानी को सुरक्षित रखा जाए और अवैध अनाधिकृत दोहन रोका जाए। जलस्रोतों से अनाधिकृत पानी निकालने पर भविष्य में पेयजल व्यवस्था पर दबाव पड़ सकता है।

नदी और तालाबों की निगरानी के लिए बनेगी टीम

नगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि जलस्रोतों के संरक्षण के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। सीवन नदी और तालाबों के आसपास निगरानी के लिए टीम गठित करने की योजना है। अधिकारियों के अनुसार, पेयजल स्रोतों से पानी के उल्लंघन पर नजर रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ निम्नानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नगरपालिका की इस पहल का उद्देश्य गर्मी से पहले उपलब्ध जल भंडार को सुरक्षित रखना है। हालांकि, जल संरक्षण के लिए नियमित निगरानी के साथ नागरिकों की भागीदारी भी जरूरी होगी। जब तक वैकल्पिक जल स्रोत का व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक पानी की बर्बादी रोकना और उपलब्ध जल स्रोतों का संतुलित उपयोग करना ही गर्मी में पेयजल संकट को कम करने में मदद कर सकता है।

जल संरक्षण के लिए नागरिकों का सहयोग भी जरूरी

सीहोर में जलस्रोतों का जलस्तर कम होने के कारण नगरपालिका के सामने पेयजल व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती बढ़ गई है। ऐसे में अधिकारियों को केवल कार्रवाई तक सीमित न रखते हुए जलस्रोतों की स्थिति पर निगरानी सख्त रखनी होगी। नदी और तालाबों से पानी निकालने की गतिविधियों की निगरानी के साथ यह भी सुनिश्चित करना जरूरी है कि पेयजल के लिए उपलब्ध पानी का सामान्य निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार ही। वहीं, किसानों और नागरिकों को भी पानी की बर्बादी के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। समय रहते ठम्मारी कदम उठाए जाने से गर्मी में संभावित जल संकट का सामना करने में मदद मिल सकती है।

खाद बुकिंग के बाद दुकानदार नहीं उठा रहे फोन, टोकन लेकर भटक रहे किसान



डीआर संवाददाता» इछावर।

रबी फसलों की बुवाई का दौर शुरू होने के साथ ही किसानों को खाद की जरूरत बढ़ गई है। खाद वितरण के लिए ई-विकास पोर्टल के माध्यम से टोकन बुकिंग की व्यवस्था की गई है, लेकिन बुकिंग के बाद निजी दुकानदारों द्वारा फोन नहीं उठाने से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी नहीं मिलने से किसानों को अनावश्यक रूप से दुकानों के चक्कर लगाने की चिंता सता रही है।

जानकारी के अनुसार, राहजारी सोसायटियों में नियमित लेन-देन करने वाले किसानों को खाद मिल जाता है, जबकि सिंगलडर लेकिसानों को निजी दुकानों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे किसान ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध दुकानों के माध्यम से खाद की बुकिंग करते हैं। टोकन मिलने के बाद वे दुकानदारों से संपर्क कर खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी लेना चाहते हैं, लेकिन फोन रिसीव नहीं होने से उन्हें परेशानी होती है।

किसानों ने की व्यवस्था सुधारने की मांग

किसानों का कहना है कि रबी की बुवाई के महत्वपूर्ण समय में खाद की उपलब्धता की सही जानकारी मिलना जरूरी है। उनहोने मांग की है कि दुकानदार फोन रिसीव करे और व्यस्त होने की स्थिति में बाद में संपर्क करने वाले ग्राहकों को जानकारी दें। इससे किसानों का समय और आने-जाने का खर्च बचेगा। किसानों ने संबंधित अधिकारियों से भी खाद वितरण व्यवस्था की निगरानी करने की मांग की है।

रेहटी में आरएसएस का पथ संचलन, जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

डीआर संवाददाता» रेहटी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शत के हर वर्ष की परंपरा के अनुसार रेहटी नगर में पथ संचलन निकाला गया। इसमें स्वयंसेवक निर्धारित गणवेश में हाथों में दंड लेकर कदमताल करते हुए आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में स्वयंसेवक अनुशासन और एकात्मता के साथ आगे बढ़ते रहे।

पुराना बस स्टैंड पर नगर प्रवेश पर सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया।

पथ संचलन की शुरुआत खेल स्टेडियम से हुई। इसके बाद स्वयंसेवक गांधी चौक, मुख्य बाजार, मंडी क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, पटेल कॉलोनी और हनुमान चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे। पूरे मार्ग में स्वयंसेवक अनुशासन और एकात्मता के साथ आगे बढ़ते रहे।

पुराना बस स्टैंड पर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र मैना होटल और हिंदू रक्षक समिति की ओर से स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इसके अलावा अन्य सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी विभिन्न स्थानों पर संचलन का स्वागत किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ संचालक नीरज त्रिपाठी सहित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र के गौरव, अनुशासन और निष्ठा के बारे में जानकारी दी। लगभग दो घंटे के अलग-अलग वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के उद्देश्य से भी अवगत कराया।

आष्टा की पीएम आवास कॉलोनी में 5 साल बाद नलों से मिलेगा पानी

डीआर संवाददाता» आष्टा



नगर की पीएम आवास कॉलोनी में रहने वाले लोगों को पांच साल के लंबे इंतजार के बाद नल से पानी मिलने जा रहा है। नगरपालिका द्वारा आगामी दो-तीन दिनों में जलापूर्ति शुरू करने की तैयारी की जा रही है। बड़ी 1 नवंबर से निर्वाचित पार्षद सप्लाई शुरू करने की बात कही गई है। इससे कॉलोनी के एक हजार से अधिक परिवारों को पानी की समस्या से बड़ा राहत मिलने की उम्मीद है।

मध्य प्रदेश सरकार की इस आवासीय कॉलोनी में पिछले पांच वर्षों से पेयजल की समस्या बनी हुई थी। नगरपालिका ने यहां पाइपलाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा कर लिया था, लेकिन कनेक्शन और जलापूर्ति शुरू नहीं होने के कारण लोगों को टंकियों पर निर्भर रहना पड़ता था। ऐसे में कॉलोनी के सड़क और गलियों का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अलावा एक बड़ी पानी की टंकी का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे पीएम आवास कॉलोनी के साथ अन्य कॉलोनियों में भी जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है।

नगरपालिका अध्यक्ष नेहाल और मुख्य नगरपालिका अधिकारी विजेन्द्र कुमार प्रजापति ने बताया कि कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है।

बीएसआई पर इंटर डिस्ट्रीक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर ने रायसेन को 190 से हराया

डीआर संवाददाता» सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर बीडीसीए के सहयोग से जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा इंटर डिस्ट्रीक्ट अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहले मैच में सीहोर ने रायसेन को 190 रन के विशाल अंतर से हराया था, वहीं दूसरे मैच में सीहोर ने विदिशा के खिलाफ बढ़त हासिल की है। इस गौरव पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेशपाल सूरीश राव ने प्रतिभागित को लेकर एक समिति का गठन किया है। जिसमें एसोसिएशन के रतिक अतुल तिवारी, संयोजकाध्यक्ष दीक उर्वी सहित अन्य मौजूद हैं। बीडीसीए के पर्यवेक्षक नुजीब उद्दीन, अजीत उन्ने, अतुल त्रिवेदी, मैच के निर्णायक नारायण व्यास, शेषश नायर, स्कन्द कुलश्रेष्ठा, रविंद्रा पाण्डेय और मुदुल उपाध्याय आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

बीएसआई मैदान पर पहला मुकाबला शहीद पाबरीम के मध्य खेला गया था। इसमें सीहोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 10 विकेट खोकर 235 रन बनाए थे। इसमें आहद ने 65 रन, राजवीर सिंह ने 65 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायसेन 45 रन पर सिमट गई। सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रेयांश मालवीय ने 10 ओवर में 9 मेडन, 10 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। दूसरे मुकाबले में विदिशा के खिलाफ शहर हारीस की कैप्टेंसी पारी के बदौलत सीहोर

डिजीटल अखबार

डीआर विदिशा

04

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, म्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा -2083 विदिशा,दिन रविवार दिनांक 25 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक आज

विदिशा। जिला कांग्रेस कमेटी की समन्वय समिति और कार्यकारिणी की बैठक 25 अक्टूबर को शाम 5 बजे पालटी गार्डन में होगी। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नियुक्त पर्यवेक्षक और सीकरपुली सदस्य डाला सहाब मौजूद रहेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक रामनीरा प्रवेश सिंह भी शामिल होंगी।

बैकुण्ठधाम मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव आज

विदिशा। विष्णुलोक-बैकुण्ठधाम लक्ष्मीनारायण मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव 25 अक्टूबर 2026, रविवार को होगा। आयोजन गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में होगा। इस दिन दीपदान महाआरती का होगा। लक्ष्मीनारायण का राजा वाकुण्ठों के दिव्य श्रृंगार होगा। दर्शन होंगे। महा-आरती होगी।

संघ के 101 साल पर आज 4 बजे शालेय पथ संचलन

विदिशा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शालेय विद्यार्थी कार्य, विदिशा नगर के तत्वावधान में भव्य शालेय विद्यार्थी पथ संचलन निकालेगा। संचलन 25 अक्टूबर को शाम 4 बजे सरस्वती शिशु मंदिर, तलैया से शुरू होगा। संघ के 101 वर्ष पूरे होने पर यह संचलन निकाला जा रहा है। इसमें नगर के कक्षा 1 से 12 तक के सैकड़ों विद्यार्थी पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करेंगे।

आज निकलेगा शालेय विद्यार्थी पथ संचलन

विदिशा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शालेय विद्यार्थी कार्य के तत्वावधान में भव्य शालेय विद्यार्थी पथ संचलन निकाला जाएगा। यह संचलन आज रविवार को शाम 4 बजे सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से प्रारंभ होगा। संघ के 101 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाले जा रहे इस संचलन में नगर के कक्षा 1 से 12 तक के सैकड़ों विद्यार्थी पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करेंगे। संचलन सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से प्रारंभ होकर बया बेसली मार्ग, सेंटाक्लारा चौराहा, कचहरिया, लोहा बाजार, बड़ा बाजार, तिलक चौक, सिलावा, कोतवाली, दुर्गा चौक से होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर पर समाप्त होगा।

अभिलेखों के पंजीयन क लिए विशेष शिविर आज

विदिशा। स्थानिक अभिलेखागार अभिलेखों के पंजीयन के लिए जिले में आज से एक सप्ताह का विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

विदिशा में आरक्षण व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन, पुलिस से झूमाझटकी झूमाझट की

बाजार बंद कर रैली निकाली, तीन स्थानों पर रोकने का प्रयासय वाटर कैनन का भी इस्तेमाल

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



सर्व समाज एससी संघ के आव्हान पर शनिवार को विदिशा ने आरक्षण व्यवस्था, एससी-एसटी एक्ट और यूजीसी के नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बाजार बंद कर मालवगंज से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तीन स्थानों पर रोकने का प्रयास किया। दो स्थानों पर बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झूमाझटकी भी हुई। कलेक्ट्रेट के पास पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर भीड़ को रोकने का प्रयास किया। हालांकि, प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंच गए और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं।

प्रदर्शन के चलते शहर के पीतल मिल बोर, रामलीला क्षेत्र और मुख्य बाजार में दुकानें बंद रहीं। प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण व्यवस्था में बदलाव, अजाक्स आन्दर पर आरक्षण लागू करने, एससी-एसटी एक्ट में संशोधन, यूजीसी कानून लाए जाने और प्रमोशन में आरक्षण लागू करने की मांग की। रैली में शामिल लोगों का कहना था कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद और वंचित वर्ग तक पहुंचना चाहिए।

तीन जगह बैरिकेडिंग, वाटर कैनन का उपयोग

मालवगंज से कलेक्ट्रेट की ओर निकली रैली को रोकने के लिए पुलिस ने तिलक चौक, देवी रोड बस और स्वामी एसडीएम चौराहे पर बैरिकेडिंग की थी। प्रदर्शनकारियों ने दो स्थानों पर बैरिकेडिंग हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस के साथ झूमाझटकी की स्थिति बनी। कलेक्ट्रेट के नजदीक भी पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वाटर कैनन का उपयोग किया। इससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया।

आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग

प्रदर्शनकारियों ने मौजूदा आरक्षण व्यवस्था में बदलाव कर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की। उनका कहना था कि जिनकी भी सालाना आय पांच लाख रुपए से कम है, उन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। इसके अलावा एससी-एसटी एक्ट में संशोधन की मांग की गई।

एससी-एसटी एक्ट में संशोधन की मांग उठाई

सर्व समाज एससी संघ के संयोजक जी.सी. सक्सेना ने बताया कि प्रदर्शन को लेकर 15 दिन पहले से तैयारी की जा रही थी। इसके लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। प्रदर्शन के दौरान किसी भी दल की ही, उन्होंने से एसी पीसियों पर सवाल उठाए और आरक्षण सुधार की मांग करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि

05

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा -2083 राजगढ, दिन रविवार,दिनांक 25 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

बड़े मंदिर पर शरद पूर्णिमा उत्सव आज

राजगढ़। नेहल नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक श्रीनाथजी के बड़े मंदिर में रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर वैष्णव भक्तों के आराध्य भगवान श्रीनाथजी का मुकुट, छाकनी और सुंदर आभूषणों से विशेष शृंगार किया जाएगा। मंदिर में रात 8 बजे से दर्शन प्रारंभ होंगे, जबकि रात 1 बजे तक चलेंगे। मंदिर प्रबंधन ने वैष्णव श्रद्धालुओं से उत्सव में शामिल होकर भगवान श्रीनाथजी के अलौकिक शृंगार दर्शन का लाभ लेने की अपील की है।

70 साल की बुजुर्ग से छेड़छाड़, केस दर्ज

राजगढ़। सुतालिया थानान्तर्गत गांव में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से छेड़छाड़, जातिसूचक शब्द बोलने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 70 वर्षीय महिला ने बताया कि 21 अक्टूबर को रात करीब 2 बजे वह घर के दालान में सो रही थी। इसी दौरान सुनील राजपूत ने बुरी नीयत से उनका हाथ पकड़ा और पीछा किया। पीड़िता ने पहले राजगढ़ कोतवाली में शिकायत की थी। वहां से शून्य पर कायमी मिलने के बाद सुतालिया थाना पुलिस ने बीएनएस की धाराओं और एससी–एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

दो बाइकों की भिड़ंत, दो युवक गंभीर घायल

सारंगपुर। स्थानीय कृषि उपज मंडी के सामीप कनिष्क शान आवोडिया मार्ग पर दो बाइकों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को तत्काल तिबिंत अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया गया। दाबला गांव निवासी अशोक पिता उमराव बाइक से दाबला से सारंगपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान आवोडिया मार्ग पर कृषि उपज मंडी के सामीप उनकी बाइक की सामने तालगंज निवासी संदीप पिता दिनेश की बाइक से आमने–सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को तत्काल तिबिंत अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया गया। दाबला गांव निवासी अशोक पिता उमराव बाइक से दाबला से सारंगपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान आवोडिया मार्ग पर कृषि उपज मंडी के सामीप उनकी बाइक की सामने तालगंज निवासी संदीप पिता दिनेश की बाइक से आमने–सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को तत्काल तिबिंत अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया गया।

नवोदय में आवेदन में सुधार का अंतिम मौका

राजगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश के ऑनलाइन आवेदनों में सुधार की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। जिन अभ्यर्थियों ने 22 अक्टूबर तक आवेदन किया था, वे 23 से 25 अक्टूबर तक कैटेगरी, लिंग, ग्रामीण–शहरी क्षेत्र, दिव्यांगता सहित अन्य निर्धारित विवरणों में संशोधन कर सकते हैं। दोनों कक्षाओं की प्रवेश परीक्षा 10 अप्रैल 2027 को होगी।

किसानों को मुफ्त मिलने वाला सोयाबीन बीज 6 हजार रुपये क्विंटल में बेचने के आरोप

ब्यावरा में वैल्यू चेन योजना पर सवाल, 2098 किस्म के बीज वितरण में गड़बड़ी

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार कृषि योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वहीं राजगढ़ जिले के ब्यावरा विकासखंड में कृषि विभाग के माध्यम से वितरित किए गए सोयाबीन बीज को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। किसानों ने आरोप लगाया है कि वैल्यू चेन योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए उपलब्ध कराए गए बीज का निशुल्क वितरण होना था, लेकिन उनसे इसके बदले प्रति क्विंटल 6 हजार से 6 हजार 200 रुपये तक वसूले गए। साथ ही बीज की गुणवत्ता खराब थी और इसके कारण उत्पादन प्रभावित हुआ। मामले ने करीब 150 क्विंटल सोयाबीन बेचे जाने की जानकारी भी सामने आई है। हालांकि, बीज की किस्म बदलने, बिक्री और कथित अनियमितताओं की पूरी जांच के बाद ही तो सकेंगे।



उपलब्ध कराई गई 2098 किस्म की सोयाबीन के वितरण में अनियमितता की आशंका है। किसानों का आरोप है कि उन्हें उपलब्ध कराए गए बीज की गुणवत्ता खराब थी और इसके कारण उत्पादन प्रभावित हुआ। मामले ने करीब 150 क्विंटल सोयाबीन बेचे जाने की जानकारी भी सामने आई है। हालांकि, बीज की किस्म बदलने, बिक्री और कथित अनियमितताओं की पूरी जांच

2098 किस्म के बीज वितरण में गड़बड़ी का आरोप

शिकायत के अनुसार, नेहलता सीड्स कॉर्पोरेशन की ओर से कृषि विभाग को उपलब्ध कराई गई 2098 किस्म की सोयाबीन के वितरण में अनियमितता की आशंका है। किसानों का आरोप है कि उन्हें उपलब्ध कराए गए बीज की गुणवत्ता खराब थी और इसके कारण उत्पादन प्रभावित हुआ। मामले ने करीब 150 क्विंटल सोयाबीन बेचे जाने की जानकारी भी सामने आई है। हालांकि, बीज की किस्म बदलने, बिक्री और कथित अनियमितताओं की पूरी जांच

किसानों ने प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच

करने की मांग की है। इनका कहना है कि यदि योजना के तहत बीज निशुल्क उपलब्ध कराया जाना था, तो इसके बदले राशि क्यों ली गई और खराब बीज मिलने से हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा, इसको लेकर जांच की मांग की है।

ब्यावरा में 75 किलो उत्पादन का दावा

क्षेत्रीय क्षेत्र में चलताऊ के दौरान ब्यावरा के किसान अलीमोहम्मद ने बताया कि उन्होंने ढाई बीघा जमीन में सोयाबीन की बोवनी की थी, लेकिन कटाई के बाद मात्र 75 किलो उपज मिली। किसान का आरोप है कि ग्राम लेवक ने एक सिंटल बीज के बदले 6 हजार रुपये लिए थे। उन्होंने बताया कि जून में बोई गई फसल की कटाई 23 अक्टूबर को की गई।

इसी तरह फतहा गांव के किसान विश्वनारायण ने बताया कि उन्होंने भी एक पैकेट सोयाबीन बीज लिया था, जिसके बदले 6 हजार 200 रुपये दिए। उन्हें सब्सिडी की राशि खाते में आने की बात कही गई थी, लेकिन उनके अनुसार अब तक राशि नहीं मिली। उन्होंने बीज की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत की है।

अधिकारी बोले, शिकायत भोपाल भेजी

मामले में प्रभारी जिला कृषि विस्तार अधिकारी दीपक वर्मा ने बताया कि सोयाबीन वैरायटी को लेकर किसानों की शिकायत मिली थी, जिसे भोपाल भेज दिया गया है। उनके अनुसार, एनएससी की टीम ने किसानों के खेतों का निरीक्षण भी किया था। उन्होंने कहा कि किसानों से पैसे नहीं लिए गए हैं। यदि किसी किसान से राशि ली गई है, तो वह विभाग को जानकारी दे, मामले की जांच कराई जाएगी। सुट्टी होने के कारण संबंधित किसानों की सूची उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।

अब मामले में जांच और दस्तावेजों के आधार पर यह स्पष्ट होना बाकी है कि बीज वितरण में नियमों का पालन हुआ या नहीं तथा किसानों से वास्तविक तौर पर राशि वसूले जाने की शिकायतों में कितनी सच्चाई है।

सारंगपुर में सरकारी शिक्षक को कार अड़ाकर रोका, डंडों से पीटा

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर



शहर में शुक्रवार शाम एक सरकारी शिक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। स्कूल से छुट्टी के बाद स्कूटी सवार शिक्षक के साथ मोटरसाइकिल से पर आए कई हमलावरों ने कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में लगाया है। घटना के बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

सारंगपुर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस तीनों अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

कार अड़ाकर किया हमला

पुलिस के अनुसार, सारंगपुर निवासी सुभाष शर्मा शिवाजन कॉलोनी स्थित शासकीय कन्या विद्यालय में शिक्षक हैं। शुक्रवार को शाम करीब 4:30 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वे साथी शिक्षक संजय नागर के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। रेलवे स्टेशन के पास छात्रावास के गलीवीक कार सवार तीन लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल के आगे कार लगाकर रास्ता रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने गालीगलौज की और शिक्षक सुभाष शर्मा को रॉडनुमा हथियार से सिर और हाथ पर मारपीट की। हमले में शिक्षक के सिर, बाएं हाथ की कलाई सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जान से मारने की धमकी देने का आरोप

शिक्षक सुभाष शर्मा ने पुलिस को बताया कि ये आरोपियों को नहीं पहचानते हैं। उन्होंने मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। घटना के बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

साथी शिक्षक संजय नागर ने बीच–बचाव करने का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गए।

पीएम श्री स्कूल में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर सवाल, थाली में पानी जैसी सब्जी

डीआर संवाददाता ■ सुतालिया

सरकारी स्कूली में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की शासन की मंशा के बीच सुतालिया के पीएम श्री शासकीय कन्या विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। सामने आई तस्वीरों में बच्चों की थाली में रोटी के साथ फतली, पानी जैसी सब्जी दिखाई दे रही है। भोजन में तेल–मसाले और पोषक की कमी होने के आरोप लगाए जा रहे हैं।



भोजन की गुणवत्ता पर उठे सवाल

स्थानीय स्तर पर आरोप है कि स्कूल में बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं दिया जा रहा है। इससे पहले भी भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं, जिन पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। हालांकि, मामले में जिम्मेदारी की ओर से जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

प्राचार्य की भूमिका पर भी सवाल

भोजन की गुणवत्ता को लेकर स्कूल प्रबंधन और समूह संचालक की जवाबदेही पर सवाल उठाए जा रहे हैं। अभिभावकों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जरूरी सुधार तत्काल लागू किए जाएं।

सीआरसी भावना चौरे दुबे ने कहा कि स्कूल का नाम बताए जाने पर तत्काल नोटिस जारी करवाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के भोजन की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ट्रैक्टर के 5.50 लाख रुपये नहीं मिले, नामांतरण पर उठाए सवाल

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

मलावर थाना क्षेत्र के अटियाखेड़ी गांव निवासी सुकेश वर्मा ने हितेदार पर ट्रैक्टर के सौदे की रकम नहीं चुकाने और संबंधित वाय से जारी दस्तावेजों के जरिए ट्रैक्टर नामांतरण कराने का आरोप लगाया है। पुलक ने एसपी को आवेदन देकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

सुकेश के अनुसार, उसके पास जॉन विंचर ट्रैक्टर था, जिसका दिसंबर 2025 में महुदूदगढ़ निवासी पवन अहिरवार से 5.50 लाख रुपये में मौखिक सौदा हुआ था। पवन के नाम कागजात नहीं होने पर मार्च 2026 में उसके ससुर सोहेलाल अहिरवार ने ट्रैक्टर अपने नाम कागजात बनाया, लेकिन सुकेश को तय राशि नहीं मिली।

सुकेश ने 28 मई को कासुदूनगढ़ थाने में शिकायत की थी। इसके बाद पवन ने 29 जून तक भुगतान करने का लिखित आश्वासन दिया, लेकिन राशि नहीं चुकाई।

सुकेश का आरोप है कि 7 जुलाई को राजगढ़ आरटीओ से दस्तावेज निकलवाने पर पता चला कि ट्रैक्टर सोहेलाल के नाम हस्तांतरित हो चुका है। उसने जाली हस्ताक्षर और सील लेटर के जरिए नामांतरण करने का आरोप लगाया है।

मलावर थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। फरियादी को आवश्यक दस्तावेजों और आवेदन के साथ थाने बुलाया गया है

कशोरी को परेशान करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

युवक किशोरी का पीछा करता था और उसे वॉट्सऐप पर संदेश

डीआर संवाददाता ■ खिलचीपुर।

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में 17 वर्षीय किशोरी का पीछा करने और वॉट्सऐप पर संदेश भेजकर परेशान करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर किशोरी के पिता और भाई के साथ गाली–गलौज करने का भी आरोप है। मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना 14 अक्टूबर को खिलचीपुर में पीड़िता के साथ की है। आरोपी फारूख खान राजस्थान के झालावाड़ जिले के अकलेरा निवत नई बस्ती का निवासी है और खिलाफत खिलचीपुर के चावन कड़ारी क्षेत्र में घर रहा था।

आरोप है कि युवक किशोरी का पीछा करता था और उसे वॉट्सऐप पर संदेश भेजकर परेशान कर रहा था। किशोरी के पिता और भाई ने जब उसे समझाने का प्रयास किया, तो उसने कथित तौर पर उनसे साथ गाली–गलौज और अभद्र व्यवहार किया।

के बाद से अलेखी करार था। थाना इनचार्ज कमल सिंह गेहलोत ने बताया कि पीड़िता ने शुक्रवार रात स्वास्थ्य खान को लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

हाइवे से सटकर खुलीं शराब दुकानें, नियमों की अनदेखी का आरोप

प्रतिबंध के बावजूद दुकान पर लगा 'वाइन शॉप' का बोर्ड, कावरी जोड़ क्वैक स्पॉट में विद्धित

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।



हालन से नियमों के बावजूद ब्यावरा–गुना हाइवे और उसके ठीक पर सटकर दुकानों के संचालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाइवे से सटकर बनी दुकानों के कारण वाहन चालक आसानी से रुककर शराब खरीद सकते हैं। इससे अक्सर एक दुकान पर खड़े अक्षरों में 'वाइन शॉप' का बोर्ड भी लगाया गया है, जबकि दोनों दुकानों के बीच दूरी भी कम बताई जा रही है। ऐसे में आबकारी विभाग की निगरानी और नियमों के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

राजमार्गों के लिए क्या हैं नियम

नियमों के अनुसार, शराब की दुकान राजमार्ग से दिखाई नहीं देनी चाहिए और वहां तक वाहनों से रोकी चुंगे नहीं लेनी चाहिए। दुकानों के प्रवेश के लिए सर्विस रोड बनाने का भी प्रावधान है।

कावरी जोड़ क्वैक स्पॉट

न्यायालय निरीक्षक देवनारायण पांडे के मुताबिक, कावरी जोड़ थानाधारत पुलिस के रिकॉर्ड में अवैध स्पॉट के रूप में चिह्नित है। ऐसे स्थानों की पहचान सड़क हादसों और मौतों के आंकड़ों के आधार पर की जाती है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र के पास शराब दुकानों का संचालन सड़क सुरक्षा के सिद्धांतों से मिलता का विषय है।

नव साक्षरता सारंगपुर में उल्लास साक्षरता अभियान के तहत 8570 लोगों ने दी परीक्षा

असाक्षर लोगों को शिक्षित कर निरक्षरता दूर करने पर जोर, अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सारंगपुर विकासखंड में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 8570 महिला–पुरुषों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अक्षरज्ञान लोगों को पढ़ना–लिखना सिखाकर उन्हें साक्षर बनाना और समाज से निरक्षरता दूर करना है।

यह अभियान कलेक्टर डॉ. नीरेश सिंह के आदेश, जिला पंचायत राजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इकित गढ़वाले के मार्गदर्शन और जिला शौढ़ शिक्षा अधिकारी वीपुल गुप्ता के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है।



परीक्षा के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शिक्षित लोग बनें अक्षर साथी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश पौराणिक ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग के स्वयं सेवी शिक्षकों को 'अक्षर साथी' के रूप में चार–चार असाक्षर व्यक्तियों को गोद दिया गया है। ये साथी नियमित रूप से उन्हें पढ़ाएंगे और परीक्षा के लिए तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जनसहयोग से संचालित होने वाला अभियान है। इसमें जिसेक व्यक्ति अक्षर साथी बनकर असाक्षर लोगों को पढ़ाने में योगदान दे सकते हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भी अक्षर साथी के रूप में चार–चार असाक्षर व्यक्तियों का चयन कर उन्हें शिक्षित करने में सहयोग कर सकते हैं।

बीआरपी वीपुल वर्मा ने कहा कि निरक्षरता दूर करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। जनप्रतिनिधियों से अपेक्षित है कि वे सक्रिय भूमिका निभाएं। जिससे अधिक से अधिक लोगों को पढ़ने–लिखने का अवसर मिले।

परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

जिला कलेक्टर एवं सह–सम्पादक साक्षरता नवरीत धर्मा ने प्रारंभिक विद्यालय दड़ावत मैदान, सारंगपुर सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रतिभागियों की जानकारी तत्काल ऑनलाइन दर्ज की जाए और निर्धारित लक्ष्य को शत–प्रतिशत हासिल करने के लिए प्रयास किए जाएं।

परीक्षा के दौरान विकासखंड के विभिन्न संकुलों के प्राचार्य, जनशिक्षकों और रिसोर्स सह–मार्गदर्शकों ने भी केंद्रों का निरीक्षण किया। इनमें रोहनीत चिलावद, पार्वतीय गालवीय, गोपाल सिंह सेनिया, जगदीश नागर, रतनलालयण शर्मा, कालूलाल गालवीय, गोपाल प्रसाद राठौर, मनोज सिंह सोनवाल, मांगीलाल दिशवलनी, लक्ष्मीचंद नागर, जगदीशचन्द्र रघेश राठौड़ा और गोविंद गालवीय सहित अन्य लोग शामिल रहे। अधिकारियों ने अभियान के लक्ष्य को पूरा करने और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

पुलिस को देखकर जंगल की ओर भागे लोग, दो आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर

जिले के राहतई थाना क्षेत्र के एनीटोंडा गांव में पुलिस ने अवैध रूप से बाड़े की खेती की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो भाइयों के बाड़ी से 39 हरे पौधे जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, जब्त पौधों का कुल वजन करीब 11 किलो 250 ग्राम और अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये है। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ अलग–अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, गांव में गांजे की खेती किए जाने की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र दांगी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि टीम को देखकर वहां मौजूद लोग जंगल की ओर भाग गए।

इसके बाद पुलिस ने सुरेश यादव और लोकपाल यादव के घरों के बाड़ों की तलाशी ली। दोनों स्थानों से कुल 39 हरे पौधे बरामद हुए, जिन्हें जब्त कर लिया गया।

एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस ने सुरेश पुत्र वीर सिंह यादव और लोकपाल यादव पुत्र स्वर्गीय सिंह यादव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अलग–अलग मामले दर्ज किए हैं।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक सिंह परमार और एसडीओपी सुगवारा अंकपालक सिंह के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी धर्मेंद्र दांगी सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।